दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़,शुक्रवार 13 मार्च 2020

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

### बीमार बैंक

हालांकि, सरकार और केंद्रीय बैंक ने यस बैंक के ग्राहकों को जमा पूंजी सुरक्षित रहने का भरोसा दिया है, मगर निजी बैंकों के लगातार बढ़ते संकट ने बैंकिंग व्यवस्था पर भरोसा कम जरूर किया है। आरबीआई ने कार्रवाई करते हुए बैंक का बोर्ड भंग कर दिया है और एक माह में सिर्फ पचास हजार रुपये निकालने की समय सीमा तय की है। यह अच्छी बात है कि सरकार एक और बैंक को बचाने के लिये आगे आई है, मगर जरूरत बैंकिंग व्यवस्था के मर्ज को पकड़ने की है। एसबीआई के पूर्व सीएफओ प्रशांत कुमार को यस बैंक का प्रशासक नियुक्त किया गया है। संकेत दिया जा रहा है कि देश का सबसे बड़ा बैंक एसबीआई और एलआईसी बैंक की मदद के लिये आगे आ सकते हैं। उल्लेखनीय है कि विगत में एलआईसी ने आईडीबीआई बैंक को बचाने में भी मदद की थी। उसने बैंक की 51 फीसदी हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया था। सरकार ने बैंक द्वारा पूंजी जुटाने के प्रयासों के विफल हो जाने के बाद यह कदम उठाया है। दरअसल, सरकार नहीं चाहती कि बड़ी वित्तीय संस्था की विफलता का अर्थव्यवस्था की छवि पर प्रतिकूल असर पड़े। बीते वर्ष सितंबर में यस बैंक की जमा पूंजी दो लाख करोड़ से अधिक थी। वहीं उसने सवा दो लाख करोड़ का कर्ज दिया हुआ था। चालू वित्त वर्ष में बैंक को बारह हजार करोड़ का नुकसान हुआ है। जिसके चलते बैंक के शेयर औंधे मुंह गिरे हैं और शेयर बाजार का आत्मविश्वास डगमगाया है। निःसंदेह बैंकों के ऐसे कुप्रबंधन से लोगों का बैंकिंग व्यवस्था पर भरोसा डगमगाता है। ऐसे में निकासी सीमा तय होने से ग्राहकों में बेचैनी स्वाभाविक है। हालांकि केंद्रीय बैंक ने विशेष परिस्थितियों में धन की निकासी सीमा में छूट दी है। यह छूट खाताधारक के आश्रित की बीमारी, शिक्षा और किसी आपातकालीन स्थिति में दी जा सकेगी।

वहीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने आरबीआई के गवर्नर से बातचीत के बाद भरोसा दिलाया है कि इस फैसले से किसी खाताधारक को नुकसान नहीं होगा। दरअसल, यस बैंक की यह हालत बुरे ऋणों की वजह से हुई है। बैंक के प्रबंधन में जारी लंबे विवाद के बीच कुछ ऐसी कंपनियों को ऋण दिये गये, जिन्होंने ये लौटाये नहीं। जिससे बैंक की आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती गई। बैंक ने अन्य बैंकों व वित्तीय संस्थानों से मदद लेनी चाही, मगर बैंक इसमें कामयाब नहीं हो सका। दरअसल, बैंक के पूर्व सीईओ की संदिग्ध भूमिका से भी बैंक को चपत लगी, जिन्होंने संदिग्ध गुणवत्ता वाले ऋण बांटे। खेल बैंक की बैलेंसशीट को लेकर भी हुए, जिसमें डूबे ऋण को एनपीए के तौर पर नहीं दर्शाया गया, ताकि शेयर बाजार में बैंक की साख बनी रहे। वैसे भारत सरकार के इसी बजट में शामिल उस फैसले का भी खाताधारकों को लाभ मिलेगा, जिसमें बैंकों में जमा धन का बीमा पांच लाख कर दिया गया था।

## सेंसेक्स 2400 अंक टूटा, निफ्टी में 700 अंकों की गिरावट

**मुंबई (आरएनएस)।** कोरोना के कहर से गुरुवार को दलाल स्ट्रीट पर फिर कोहराम मच गया। विदेशी बाजारों से मिले निराशाजनक संकेतों से बढ़े बिकवाली के भारी दबाव में सेंसेक्स 2,400 अंक से ज्यादा लुढ़ककर 33,250.06 पर आ गया। वहीं, निफ्टी 700 अंक से ज्यादा टूटकर 9,713.65 पर आ गया। कोरोना के कहर और कच्चे तेल में गिरावट के कारण बने निराशाजनक माहौल में शेयर बाजार में बिकवाली का भारी दबाव बना हुआ था। शेयर बाजार में आई गिरावट और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के कारण डॉलर के मुकाबले रुपया भी कमजोर हुआ।



पूर्वाह्न 11.01 बजे सेंसेक्स पिछले सत्र से 2,357.63 अंकों यानी 6.60 फीसदी लुढ़ककर 33,339.77 पर कारोबार कर रहा था, जबकि इससे पहले बंबई स्टॉक एक्सचेंज के 30 शेयरों पर आधारित प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स पिछले सत्र से 2,447.34 अंकों की गिरावट के साथ 33,250.06 पर आ गया। कारोबार के आरंभ में सेंसेक्स पिछले सत्र के मुकाबले 1,224.90 अंकों की गिरावट के साथ 34,472.50 पर खुला।

वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के 50 शेयरों पर आधारित प्रमुख संवेदी सूचकांक निफ्टी पिछले सत्र के मुकाबले 731.90 अंकों यानी सात फीसदी की गिरावट के साथ 9,726.50 पर बना हुआ था जबकि इससे पहले निफ्टी 744.75 अंक टूटकर 9,713.65 पर आ गया। कारोबार के आरंभ में निफ्टी 10,039.95 पर खुला और 10,040.75 तक चढ़ा।

बाजार के जानकारों ने बताया कि कोरोनावायरस का प्रकोप दुनियाभर में गहराने और इससे निपटने के लिए उठाए जा रहे एहतियाती कदमों से बाजार में घबराहट का माहौल बना हुआ है। कोरोना का कहर और अंतराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में गिरावट के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था पर मंदी की आशंका बनी हुई है, जिसके चलते बिकवाली का दबाव बना हुआ है।

डॉलर के मुकाबले रुपया गुरुवार पिछले सत्र से 61 पैसे फिसलकर 74.25 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। रुपया बीते सत्र में मजबूती के साथ 73.64 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## सोना 128 रुपये टूटा, चांदी में 302 रुपये का नुकसान

**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोना 128 रुपये टूटकर 44,490 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। हालांकि, रुपये में गिरावट की वजह से सोने का नुकसान सीमित रहा। बुधवार को सोना 44,618 रुपये प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 302 रुपये के नुकसान से 46,868 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गयी। इससे पिछले सत्र में चांदी 47,170 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, ''दिल्ली में 24 कैरट सोने का भाव 128 रुपये के नुकसान में कारोबार कर रहा था। हालांकि, रुपये में बड़ी गिरावट की वजह से सोने का नुकसान सीमित रहा।'' अंतर बैंक विदेशी विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 53 पैसे की गिरावट में था। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना सुधार के साथ 1,645 डॉलर प्रति औंस पर था। हालांकि, चांदी 16.73 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर थी।



## डॉलर के मुकाबले रुपया 61 पैसे फिसला

**मुंबई (आरएनएस)।** डॉलर के मुकाबले रुपया गुरुवार को 61 पैसे फिसलकर 74.25 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। कोरोनावायरस का प्रकोप दुनियाभर में गहराने के कारण वैश्विक बाजार पर मंदी की आशंकाओं से देसी करेंसी में कमजोरी आई है। रुपया बीते सत्र में मजबूती के साथ 73.64 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था, लेकिन वैश्विक बाजार से मिले संकेतों और कोरोनावायरस को लेकर घरेलू बाजार में घबराहट के कारण रुपये में फिर कमजोरी आई है।

## कोरोना से सतर्क बीसीसीआई ने जारी किए दिशानिर्देश

**मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों, सहायक स्टाफ और राज्य क्रिकेट संघों को कोरोना वायरस से सतर्क करते हुए बुधवार को कुछ जरुरी दिशानिर्देश जारी किए हैं।**




बीसीसीआई ने खिलाड़ियों को क्या करना है और क्या नहीं जैसी सलाह दी है।

बीसीसीआई की तरफ से खिलाड़ियों को कम से कम 20 सेकेंड तक साबुन से हाथ धोने, सेनेटाइजर का इस्तेमाल करने, छींक या खासी आने पर मुंह को ढकने, बुखार, सर्दी या तबीयत खराब होने पर तुरंत मेडिकल टीम को रिपोर्ट करने जैसे दिशानिर्देश दिए हैं।

इसके अलावा बीसीसीआई ने हाथ धोने से पहले मुंह, नाक और आंखों को नहीं छूने की सलाह दी है। बीसीसीआई के दिशानिर्देश के अनुसार खिलाड़ियों और सहायक स्टाफ को ऐसे किसी भी रेस्त्रां में नहीं खाने की सलाह दी गयी है जहां स्वच्छता ना हो। बीसीसीआई ने इन लोगों को हाथ मिलाने, किसी अनजान व्यक्ति के फोन से सेल्फी लेने के साथ ही टीम सदस्य के अलावा किसी बाहरी व्यक्ति से करीब से नहीं मिलने की भी सलाह दी है। बीसीसीआई ने टीम के खिलाड़ियों के अलावा एयरलाइंस, टीम के होटल, राज्य क्रिकेट संघ और मेडिकल टीम को भी इस दिशानिर्देश का पालन करने के लिए कहा है।

दर्शकों की सुरक्षा को देखते हुए राज्य संघ से स्वास्थ्य सर्विस एजेंसी और अस्पताल द्वारा कोरोना वायरस के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए पोस्टर या होर्डिंग लगाने की हिदायत दी है। स्टेडियम में सभी बाथरुम में हैंडवाश और सेनेटाइजर की व्यवस्था करने के लिए भी कहा गया है।

## कोरोना ने मुकेश अंबानी को लगाई चपत, 70 दिनों में डूबे 1.11 लाख करोड़

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोरोना वायरस का खौफ इस कदर हावी हो गया है कि निवेशकों में हड़कंप मच गया है। वे सुरक्षित निवेश की ओर भाग रहे हैं, जिसकी वजह से शेयर मार्केट लगातार क्रैश कर रहा है। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स 3200 अंक तक फिसल गया था। बाद में मामूली सुधार के साथ यह 2900 अंक गिरकर बंद हुआ। मार्केट क्रैश होने का असर देश के सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी पर भी पड़ा है। रिलायंस का शेयर आज 52 हफ्तों के न्यूनतम पर पहुंच गया।



आज रिलायंस का शेयर 1063 पर बंद हुआ, जबकि कारोबार के दौरान यह 1048 तक पहुंच गया था। 27 दिसंबर 2019 को साल के आखिरी कारोबारी दिन रिलायंस का शेयर 1537 रुपये का था। पिछले 70 दिनों में शेयर का भाव घटकर 1063 पर पहुंच गया। एक शेयर की कीमत करीब 475 रुपये तक घट गई है। मतलब कोरोना और अन्य कारणों से रिलायंस के शेयर में करीब 30 फीसदी की गिरावट आई है।

शेयर मार्केट में मचे हाहाकार के कारण मुकेश अंबानी की संपत्ति को भी काफी नुकसान पहुंचा है। पिछले 70 दिनों में उनकी संपत्ति को करीब 15.20 अरब डॉलर (1.11 लाख करोड़) का नुकसान हुआ है। इसकी वजह से उनसे एशिया के सबसे अमीर शख्स का तमगा भी छिन गया। एकबार फिर से अलीबाबा के चेयरमैन जैक मा एशिया के सबसे अमीर शख्स बन गए।

## भारत को अगले 20 साल में होगी 1,880 नये विमानों की जरूरत: एयरबस

**हैदराबाद (आरएनएस)।** भारत को बढ़ती मांग की पूर्ति के लिये अगले 20 साल में 1,880 नये यात्री व मालवाहक विमानों की आवश्यकता होगी।



विमान बनाने वाली कंपनी एयरबस ने भारतीय बाजार के लिये बृहस्पतिवार जारी को हालिया अनुमान में यह कहा। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इन विमानों में 20 प्रतिशत तक वाइडबॉडीज होंगे। कंपनी ने कहा कि इनमें से 1,440 नये विमानों की जरूरत मांग की पूर्ति के लिये तथा 440 विमानों की जरूरत पुराने विमानों को हटाने के लिये होगी। भारत में अभी 510 विमानों का बेड़ा है।

## आज का राशिफल

*मेषः* नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति की संभावना बन रही है। इससे स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है।

*वृषभः* आज संपत्ति सुख में विस्तार होगा। परिवार में सुख व शांति का वातावरण बनेगा।

*मिथुनः* नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति का योग बना हुआ है। संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेगा।

*कर्कः* आज पश्चिम दिशा की राजकीय यात्रा का योग है। संतान सुख में वृद्धि तथा कहीं से वस्त्रादि का उपहार मिलेगा। उत्तम मित्रों के सहयोग से मन में निराशा का भाव समाप्त होगा।

*सिंहः* घर में मांगलिक कार्यों के आयोजन से मन में प्रसन्नता व व्यस्तता रहेगी।

*कन्याः* कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी, आय में यथोचित वृद्धि होगी।

*तुलाः* आज आपकी इच्छा के विरूद्ध कोई कार्य मिल सकता है, जिससे आप असहज हो जाएंगे।

*वृश्चिकः* माता का सानिध्य व आशीर्वाद विशेष रूप से फलीभूत होगा। बहुत समय से रूका हुआ धन किसी महापुरूष के सहयोग से प्राप्त हो जाएगा।

*धनुः* राशि स्वामी बृहस्पति आज राशि से प्रथम भाव में मार्गी हो रहा है। द्वितीय भाव में शनि भी कार्यक्षेत्र में कठिनाई व परिश्रम की अधिकता रखेगा।

*मकरः* मान, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। द्वादश भाव में गुरू उत्तम संपत्ति प्रदान करेगा।

*कुंभः* आज कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारी और धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

*मीनः* आज आपका दिन मिश्रित फलकारक है। धर्म-कर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी। संपत्ति के सुधार व रख रखाव में खर्च बढ़ेगा। आज दिन में कुछ निकट के मित्रों व रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

## विद्या ने शेरनी की शूटिंग शुरू की

बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने अपनी आने वाली फिल्म शेरनी की शूटिंग शुरू कर दी है। विद्या ने अपने अगले प्रोजेक्ट शेरनी की घोषणा सोशल मीडिया पर कर दी है। उन्होंने शेरनी के लिए शूट भी शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर कर विद्या बालन ने फैन्स के साथ ये जानकारी शेयर की है।


विद्या ने फैन्स को बताया कि उन्होंने अपनी फिल्म की शूटिंग वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ डे पर शुरू की है। उन्होंने मुहूर्त की तस्वीरें भी शेयर की हैं। तस्वीर में शेरनी का क्लैपबोर्ड और पूजा सामग्री नजर आ रही है। विद्या ने तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा, सभी का आशीर्वाद मिला। वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ डे पर शेरनी का शूट शुरू किया। जंगल के बीच में एक प्राचीन मंदिर में मूहुर्त पूजा की गई।



बताया जा रहा है कि विद्या बालन की यह फिल्म इंसान और वाइल्ड लाइफ के बीच होने वाले टकराव पर बनेगी। कहा जा रहा है कि यह कहानी अवनी नाम की शेरनी की विवादास्पद हत्या के इर्द-गिर्द घूमती है। नवंबर 2018 को शूटर ने फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के अधिकारियों के निर्देश पर अवनी को मार डाला था।

## कसौटी जिंदगी की संग जुड़े नए कलाकार

दिव्य दृष्टि की अभिनेत्री पारुल चौधरी और हालिया रिलीज ब्लॉकबस्टर फिल्म कबीर सिंह में शाहिद कपूर के दोस्त की भूमिका वाले कुणाल ठाकुर कसौटी जिंदगी की के कलाकारों की सूची में शामिल हुए हैं। साल 2001 में इसी नाम से प्रसारित होने वाले कार्यक्रम के इस रीबूट के बारे में कुणाल ने कहा, कसौटी.. टेलीविजन में मेरा डेब्यू है और इससे बेहतर और कुछ हो ही नहीं सकता क्योंकि यह एक लोकप्रिय कार्यक्रम है। टीवी का माध्यम मेरे लिए नया है, लेकिन यह काफी मजेदार भी है। उन्होंने आगे कहा, सेट पर मैं काफी सारी नई चीजें सीख रहा हूं।



## पोल डांस सीख रहे हैं अक्षय कुमार

बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार फिटनेस के लिये इन दिनों पोल डांस सीख रहे हैं। अक्षय कुमार फिटनेस को लेकर काफी सीरियस हैं और वह स्वस्थ रहने के लिए नए-नए तरीके ढूंढ़ते रहते हैं। अक्षय के इंस्टाग्राम अपडेट्स में आप उन्हें कभी वॉलीबाल खेलते, कभी साइकलिंग तो कभी स्वीमिंग करते देख सकते हैं। वह अपने फिटनेस रूटीन को काफी एंजॉय करते हैं।



अक्षय सिर्फ एक तरह के वर्काउट को ही पकड़कर नहीं रहते। वह इसमें वैरायटी लाने की कोशिश करते हैं। उनके वर्कआउट में किक बॉक्सिंग, योग, मार्शल आर्ट्स सभी शामिल हैं। अक्षय ने बताया कि उन्होंने अपने वर्काउट रूटीन में नई ऐक्टिविटी शामिल की है। उन्होंने कहा, 'मैं पोल डांसिंग सीख रहा हूं। मैंने हाल ही में क्लासेज लेनी शुरू की हैं और मैं काफी एंजॉय कर रहा हूं। हर चीज के लिए स्किल की जरूरत होती है। पोल डांसिंग इतना भी आसान नहीं है।'

## इस बार ट्राई करे आलू से बने स्नैक्स 'गार्लिक पोटैटो'



### सामग्री :-

आलू - 4 से 5 छिले हुए
लहसुन - 2 स्लाइज छिले हुए
नमक - स्वाद अनुसार
काली मिर्च - 1 चम्मच पाउडर
हरा धनिया - 2 चम्मच बारिक कटा हुआ, ऑलिव ऑयल या रिफाइन्ड ऑयल
सिल्वर फॉयल - आलू को फैलाने के लिए, गार्लिक बटर - 2 चम्मच

### विधि :-

माइक्रोवेव को प्रीहीट करने के लिए रख दें। इसके बाद आलू को छिलकर इसे लंबे-लंबे काट लीजिए। अब आलू में काली मिर्च पाउडर, नमक, लहसुन का पेस्ट, हरा धनिया और ऑलिव ऑयल डालकर थोड़ी देर बाउल में रखिए। अब इसे अच्छे से सभी चीजों को मिक्स कर लीजिए और प्रीहीट माइक्रोवेव में पकने के लिए डालिए। अब एक सिल्वर फॉयल लें। इस पर लहसुन रखकर 1 चम्मच ऑलिव ऑयल डालकर इसे पैक कर दें।

इसके बाद बेकिंग ट्रे पर आलू फैला दें और इसके एक कोने में पैक्ड लहसुन रख दें प्रीहीट माइक्रोवेव में आलू को आधे घंटे तक पकाएं। संभव हो तो आलू को बीच-बीच में पलटे रहें। आधे घंटे माइक्रोवेव में आलू को पकाने के बाद उसे निकाल दीजिए। गार्लिक बटर डालकर सर्व कीजिए।

## शब्द सामर्थ्य- 59

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 58 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | | | स |
| ट | | भ | ला | ई | | अ | स | म |
| ना | म | | | स | मा | धि | | झ |
| | ज | | बे | | न | का | र | ना |
| बा | बू | | आ | य | क | र | | |
| | र | की | ब | | | | प्र | था |
| ज | | | रू | प | क | | ज | न |
| हा | | पा | | ना | म | ची | न | |
| ज | हां | प | ना | ह | | ता | न | ना |

## सू-दोकू- 59

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.57 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |